हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

12 शुभ मुहूर्त में हुई घरों और सार्वजनिक पंडालों में...



14 गणपति बप्पा विराजे, मायके आई तिजहारिनें हो रही विदा...



## खबर संक्षेप

### डीजे डांस स्पर्धा 2 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह कुर्रा में गणेश चतुर्थी पर्व पर श्री विघ्नहर्ता युवा गणेश उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय रिकॉर्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता 2 सितंबर को रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में ज्ञानचंद साहू, चंदन साहू, हिमांशु साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### गणेशोत्सव पर भजन नृत्य प्रतियोगिता 3 से

**धमतरी।** गणेशोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल द्वारा भक्ति संगीत पर आधारित भजन प्रतियोगिता 3 सितंबर को 3 बजे और 4 सितम्बर को भक्ति गीत पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता 3 बजे से और 5 सितम्बर को 3 बजे से शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन महालक्ष्मी ग्रींस राधा कृष्ण भवन विवेकानंद नगर धमतरी में किया गया है। नृत्य प्रतियोगिता में मोबाइल या पेन ड्राइव का प्रयोग कर सकते हैं। प्रतियोगिता की तैयारी में पीव्ही पराडकर, वीरेंद्र साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### चन्द्रसूर में डीजे डांस प्रतियोगिता 31 को

**मगरलोड।** ग्राम चन्द्रसूर में त्रिमूर्ति गणेश एवं लक्ष्मी उत्सव समिति पटेलपारा के तत्वावधान में डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त रविवार को किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 1500 रूपये है। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 1000 रूपये, तृतीय 700 रूपये, एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 1000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 700 एवं तृतीय पुरस्कार 500 रूपये है। सामूहिक नृत्य में प्रवेश शुल्क 151 रूपये, युगल में 100 रूपये तथा एकल नृत्य में 50 रूपये है। आयोजन की तैयारी में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं। यह जानकारी समिति संरक्षक देवचरण साहू ने दी है।

कभी भी छूट सकता है महानदी में पानी, अनहोनी की आशंका

# बांध लबालब, फिर भी नदी में हो रहा रेत का उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भरी बारिश और नदी में पानी होने के बाद भी रेत की निकासी लगातार जारी है। रेत घाट में हाइवा, ट्रैक्टर, मिनी हाइवा से अंधाधुंध रेत निकाली जा रही है। खनिज विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है। स्थिति को देखते हुए कई गांवों में ग्रामीणों ने मोर्चा सम्हाल लिया है।

बारिश के मौसम में रेत की डिमांड थोड़ी कम हो गई है। कई निर्माण कार्य बारिश में चालू है, जिसके चलते अभी भी शहर से लेकर गांव तक रेत की सप्लाई जारी है। अमेठी, अछोटा सहित कई खदानों से रेत की निकासी हो रही है। सुबह से ही ट्रैक्टर सहित अन्य गाड़ियां इन खदानों में लग रही हैं।



अवैध उत्खनन का सिलसिला शाम तक चलता है। इसके बाद भी खनिज विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। दर्री में तो अवैध उत्खनन से परेशान होकर यहां के खदान के प्रवेश मार्ग को जेसीबी से खुदवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि दर्री से प्लास्टर रेत निकल रही थी। बारिश के मौसम में प्लास्टर रेत की डिमांड ज्यादा होती है। इसलिए यहां पर काफी गाड़ियां लग रही थी। अब रास्ता बंद होने के बाद रेत माफिया इधर-उधर से प्लास्टर रेत का जुगाड़ कर रहे हैं। वहां पर भी वे अवैध उत्खनन ही कर रहे हैं।

### नदी के समीप के गांवों में मुनादी

गंगरेल बांध लबालब हो चुका है। ऐसे में जिला प्रशासन ने पहले ही अलर्ट कर दिया है कि बांध से कभी भी महानदी में पानी छोड़ा जा सकता है। नदी के समीप बसे गांवों में मुनादी भी कराई गई है। इसके बाद भी महानदी के बीचोबीच गाड़ियां लगाकर रेत भरी जा रही है। ऐसे में गंगरेल बांध से पानी छोड़े जाने पर अनहोनी के खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिला प्रशासन को कड़ाई के साथ इन खदानों से अवैध उत्खनन को बंद करवाना चाहिए।

# सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में अखण्ड जलाभिषेक के बाद हुआ हवन-पूजन

- गणपति अथर्वशीर्ष का अखंड पाठ हुआ, पिछले 35 वर्षों से चली आ रही परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुधवार को गणेश चतुर्थी पर शहर के प्रसिद्ध सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में शुभ मुहूर्त पर हवन ,पूजन, विशेष अनुष्ठान, महाआरती, श्री गणेश की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। मुख्य आचार्य के रूप में पं. होमनप्रसाद शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। मुख्य यजमान के रूप में पूर्व ट्रस्टी स्व. नटवरलाल वल्लभ दास गांधी परिवार के प्रतिनिधि के रूप में उनके पोते प्रीतेश किरण गांधी उपस्थित थे। मठ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रोहिताश मिश्रा भी सम्मिलित हुए।

इससे पूर्व मंगलवार को सुबह 6 बजे से लेकर बुधवार को सुबह 6 बजे के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अखंड जलाभिषेक का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल हुए। इस परंपरा पिछले 35 वर्षों से चली आ रही है। इस दौरान गणपति अथर्वशीर्ष का अखंड पाठ किया गया ताकि क्षेत्र में सुख, समृद्धि शांति बने रहे। बुधवार को श्रीगणेश चतुर्थी के अवसर पर मंदिर में हवन, पूजन, प्रार्थना, अनुष्ठान, महाआरती, अभिषेक, श्रृंगार, स्थापना का कार्यक्रम हुआ। आम भंडारा मंदिर के बाहर रखा गया।



हवन पूजन के दौरान वेदपाठी ब्राम्हण के रूप में विद्वान पंडित कामेश्वर पांडे, पं. श्रीकांत तिवारी, पं. वैभवधर दीवान, पं. नरेशधर दीवान, पं.सुरेंद्र पांडे उपस्थित थे। मुख्य यजमान प्रीतेश गांधी ने कहा कि यह आध्यात्मिक क्षण था, जिसमें भगवान गणेश का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 24 घंटे जलाभिषेक तथा बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूजन, महाआरती का कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन से आपसी प्रेम, सदभाव, भाईचारे की भावना बढ़ती है। आगामी पीढ़ी को धार्मिक संस्कार देना हम सबका कर्तव्य है।

# कोचिंग सेंटर की छत पर गिरी बिजली, पंखा व एसी क्षतिग्रस्त

- विवेकानंद कॉलोनी गली नंबर तीन में हुआ वज्रपात


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तेज गरज के साथ अचानक आकाशीय बिजली विवेकानंद कॉलोनी में स्थित एक कोचिंग सेंटर की छत पर गिर गई। इस वज्रपात से पंखा, एसी सहित अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए।

मंगलवार को दिनभर बारिश व बूंदाबांदी हो रही थी। रात्रि 8 बजे के बाद अचानक मौसम ज्यादा खराब होने लगा। अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली भी लगातार कड़क रही थी, वहीं बारिश भी शुरु हो गई। रात्रि लगभग 11 बजे विवेकानंद कालोनी की गली नं 3 में स्थित एकलव्य ट्यूटोरियल कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर करण साहू फरूट फ्लोर के एक कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान गर्जना के साथ जोरदार बिजली कड़कने लगी। वहीं कोचिंग सेंटर के भवन में हल्का कंपन महसूस किया गया। इससे डायरेक्टर की नींद खुल गई। खराब मौसम को देख आसपास कुछ हुआ होगा सोचकर वह फिर से सो गए। बुधवार की सुबह डायरेक्टर फाइबर कनेक्शन लगवाने छत पर गया। उन्हें एक क्लास रुम के उपर की छत पर एक गड्ढा दिखाई दिया। छत की कांक्रीट उखड़कर आसपास बिखरी हुई थी। नीचे क्लास रुम में जाकर देखा तो छत में छेद हो चुका था। पानी डालकर देखने पर पानी क्लास रुम में गिर रहा था। रात में कड़क रही बिजली उसके छत पर गिरी थी जिसके कारण कंपन महसूस हुआ था। बिजली छत को छेदकर दीवार में समा गई थी। डायरेक्टर करण साहू ने बताया कि सुबह चेक करने पर कोचिंग सेंटर व क्लासरुम में लगे लगभग पांच पंखे, एसी व फोटोकापी मशीन खराब हो गई थी। इस घटना में उन्हें लाखों रूपए का नुकसान हुआ है।







### गरज-चमक से एक युवक घायल

अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी का एक युवक खराब मौसम की रात्रि अपने घर के सेप्टिक में गया था। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ जोरदार बिजली कड़कने से वह हड़बड़ाकर नीचे गिर गया। इस घटना में युवक के चेहरे की बायीं तरफ चोट लगी है। घायल ने जिला अस्पताल में अपना उपचार कराया।

# पैदल जा रहे युवक को ठोकर मारकर कार हुई फरार





- सीसीटीवी कैमरे में दुर्घटना कैद, प्राइवेट अस्पताल में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भखारा मार्ग पर पैदल जा रहे युवक को हाईस्पीड कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरा निवासी सोमप्रकाश साहू पिता कोमल उम्र 20 वर्ष मंगलवार को गणेशजी के लिए कपड़ा खरीदकर पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान धमतरी से रायपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि टककर के बाद युवक सड़क से 10 फीट उछलकर काफी दूर जा गिरा। घटना के बाद चालक अपनी कार सहित रायपुर की ओर फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए गुजरा अस्पताल ले जाया गया। वहां से घायल को रिफर कर दिया गया। घायल को धमतरी लाने के लिए अस्पताल में एक भी एम्बुलेंस नहीं थी। निजी वाहन से घायल को धमतरी रूद्री रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां युवक का उपचार जारी है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है।

# एक्टिवा डिवाइडर से टकराई पिता की मौत, बच्चे घायल

- देमार के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर से धमतरी आ रही एक्टिवा अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में एक्टिवा सवार पिता की मौत हो गई, वहीं दो बच्चे घायल हो गए हैं।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सलीम खान पिता रहीम खान उम्र 35 वर्ष बंधवापारा रायपुर निवासी फूल बेचने की दुकान चलाता था। युवक मूलरूप से ग्राम देमार थाना अर्जुनी का रहने वाला है जो शादी के बाद से लंबे समय से ससुराल बंधवापारा रायपुर में रह रहा था। मंगलवार की दोपहर बाद युवक अपने दो बच्चों के साथ एक्टिवा में सवार होकर धमतरी की तरफ आ रहा था। ग्राम देमार के पास उसकी एक्टिवा अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गई। घटना में युवक व दोनों बच्चे घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान घायल पिता की मौत हो गई। वहीं परिजन घायल बच्चों को रिफर कराकर उपचार के लिए रायपुर ले गए। मृतक की पत्नी अफसाना बेगम की सूचना पर साढू. शेख अशरफ रायपुर निवासी धमतरी पहुंचा। पुलिस को बयान में अशरफ ने बताया कि सलीम का परिवार उससे कोई मतलब नहीं रखता था। मृतक लगभग 20 वर्ष से ससुराल में रह रहा था। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# बासीन, अर्जुनी में दिखा तेंदुआ, सहमे ग्रामीण

- गांवों की गलियों में पंजों के निशान देखे गये
- वन विभाग से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर पर स्थित सीतानदी अभ्यारण्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार के ग्राम पंचायत ठेन्ही के आश्रित गांव बासीन, अर्जुनी के ग्रामीण इन दिनों तेंदुए की गतिविधियों से दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से तेंदुआ रात्रि के समय गांव की गलियों और घरों के आसपास घूमता देखा गया है, जिससे लोगों की नींद उचट गई है और भय का माहौल है।





ग्रामीणों के अनुसार तेंदुए ने गांव के पालतू पशुओं को भी निशाना बनाया है। हाल ही में एक घर से पालतू कुत्ता तथा दूसरे घर से मुर्गी उठाकर ले जाने की घटना सामने आई है। इसके अलावा खेतों और मुख्य मार्ग पर पंजों के ताजा निशान देखे जाने की भी पुष्टि ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही गांव में सन्नाटा पसर जाता है। बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं और किसान भी जंगल किनारे स्थित खेतों की ओर जाने से कतराने लगे हैं। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई गंभीर हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक वन विभाग की ओर से ठोस पहल नहीं हुई है। गश्त या निगरानी की कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही। इससे गांव में असुरक्षा और अधिक बढ़ गई है इस संबंध में जब वन परिक्षेत्र अधिकारी अरसीकन्हार से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि अभी तक उन्हें ऐसी कोई पुख्ता जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि उन्होंने रात्रिकालीन निगरानी और गश्त बढ़ाने की बात कही है। ग्रामीण लीलांबर मरकाम, लक्ष्मीनाथ मरकाम, रोहित नागेश ने वन विभाग से आग्रह किया है कि तेंदुए को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए, ताकि गांव में शांति और सुरक्षा का वातावरण कायम हो सके।

# कैंची से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मामूली बात को लेकर युवक को जान से मारने की धमकी देकर कैंचीनुमा नुकीली वस्तु से हमला करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय नयापारा वार्ड के धोबी चौक निवासी मोहम्मद सरफराज रविवार की रात्रि अपने मित्र ओम सतनामी साल्हेवारपारा निवासी के साथ खाना खाकर खपरी तालाब की तरफ जा रहा था। इसी दौरान हर्ष उर्फ छोटू अंगारे ने सरफराज का रास्ता रोककर गाली- गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए कैंचीनुमा नुकीली वस्तु से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक के दाहिने हाथ की कलाई व पीठ में चोट लगी है। शिकायत पर कोतवाली थाना में आरोपी हर्ष उर्फ छोटू अंगारे पिता चन्द्रहास उम्र 20 वर्ष शारदा चौक के पास टिकरापारा निवासी के खिलाफ धारा 297, 115(2), 351(2), 118(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने गवाहों से पूछताछ व घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किया। उसके बाद आरोपी हर्ष अंगारे उर्फ छोटू को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की गई कैंची को जब्त कर आरोपी हर्ष अंगारे उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



दो साल से बनी हुई है समस्या, कस्टमर हो रहे परेशान

# अटक-अटककर मिल रही इलेक्ट्रिक वाहनों में सब्सिडी

**केस 1**

धमतरी के जीएल साहू ने दिसंबर 2024 में इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। खरीदी के वक्त उन्हें बताया गया था कि राज्य शासन से 10000 रुपए की सब्सिडी उनके खाते में कुछ माह में आ जाएगी लेकिन आज तक सब्सिडी खाते में नहीं आई है। वे कई बार शो रूम से सम्पर्क कर चुके हैं।

**केस 2**

युवराज शर्मा ने अक्टूबर 2024 में इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। उन्हें भी एक साल के भीतर राज्य सरकार से सब्सिडी मिलने का आश्वासन दिया गया था। परंतु आज तक सब्सिडी नहीं मिली है। परिवहन विभाग की वेबसाइट में जब उसने स्टेटस चेक किया तो उसका वाहन सब्सिडी के लिए आवेदित नहीं होना बताया गया।

**केस 3**

एक व्यक्ति ने इलेक्ट्रिक स्कूटी 1 मई 2024 में खरीदी थी। गाड़ी बालोद पासिंग है। उसने बताया कि सब्सिडी का अभी तक अता-पता नहीं है। शो रूम से उन्होंने कई बार सब्सिडी को लेकर संपर्क किया लेकिन वहां से कोई भी संतोषप्रद जवाब नहीं मिला है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सफर का सस्ता साधन होने के कारण अब लोग पेट्रोल वाहन की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ डायवर्ट हो रहे हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचता है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी पर सब्सिडी देना शुरू किया है। इलेक्ट्रिक वाहन की कीमत का 10 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार रुपए की सब्सिडी देने का प्रावधान है। विडंबना यह है कि करीब दो साल से लोगों को सब्सिडी अटक-अटककर मिल रही है। कुछ लोगों ने साल, दो साल पहले इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी, आज तक उन्हें सब्सिडी नहीं मिली है। यह शिकायत किसी एक कम्पनी के वाहन की नहीं है, बल्कि अधिकांश कम्पनियों के इलेक्ट्रिक वाहनों की सब्सिडी में यही समस्या है। अब तो लोग सब्सिडी की उम्मीद भी छोड़ चुके हैं।

### बढ़ रही इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या

पेट्रोल वाहनों की तुलना में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की संख्या पूरे जिले में तेजी से बढ़ रही है। जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 30 हजार से ज्यादा हो चुकी है। इसमें से अधिकांश लोगों की राज्य से मिलने वाली सब्सिडी अटकी हुई है। उल्लेखनीय है कि सीजी ट्रांसपोर्ट वेबसाइट पर जाकर लोग खुद अपनी गाड़ी की सब्सिडी का स्टेटस चेक कर सकते हैं। शो रूम में जाकर या अन्य माध्यम से सब्सिडी नहीं मिलने की कम्पलेन भी कर सकते हैं।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### घर-घर व पंडालों में विराजे गणपति

**कुरुद।** विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेशजी का आगमन बुधवार को हुआ। बाजे-गाजे के साथ शाम व देर रात तक पंडालों में बप्पा विराजे। स्वागत में भक्तों ने जमकर आतिशबाजी की। रंग-गुलाल उड़ाए। भक्तों के चेहरे पर खुशी देखते बन रही थी। गणपति बप्पा मोरया की गूंज चहुंओर सुनाई दी। बच्चे हो या बड़े सभी अपने-अपने तरीके से बप्पा की पूजा-अर्चना में लीन रहेंगे। कुरुद के चंडी मंदिर, थाना चौक, पुराना बाजार, नया बाजार, सरोजिनी चौक, बस स्टैंड सहित अनेक जगह भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं ग्रामीण अंचल के जोरातराई, चर्रा, सिलौटी, मोंगरा, खपरी, खैरा, कातलबोड़, चरमुड़िया, परखन्दा, उमरदा आदि गांवों में भी विभिन्न समितियों द्वारा सामूहिक चंदा कर गणपति विराजित की गई है। इसके अलावा भक्तों ने घरों में भी गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की है। अंचल में 11 दिनों तक भक्तिमय माहौल बना रहेगा।

### कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा में हरि कीर्तन 29 अगस्त को

**नगरी।** स्माईल क्लब देऊरपारा के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर कुण्डेरा दादर वाले कामता प्रसाद का हरि कीर्तन कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा नगरी में किया गया है। यह जानकारी स्माइल क्लब के अध्यक्ष अमन गोस्वामी ने दी।

घर-घर गूंजेगा गणपति बप्पा मोरया का जयघोष

# शुभ मुहूर्त में हुई घरों और सार्वजनिक पंडालों में भगवान गणेश की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

**भक्त प्रतिमा स्थापित करने मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, ट्रैक्टर में नाचते गाते ले गए**





अंचल में गणेश उत्सव शुरू हो गया। शुभ मुहूर्त में घरों और सार्वजनिक पंडालों में भगवान श्री गणेश की स्थापना हुई। घरों व व पंडालों में गणेशजी की प्रतिमा स्थापित करने मोटरसाइकिल, कार, ऑटो, ट्रैक्टर में ढोल नगाड़े , डीजे के साथ नाचते गाते ले गए। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना की गई। चारों ओर भक्ति, संगीत, रंग और रोशनी का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। बप्पा के स्वागत में जनसैलाब उमड़ा। ढोल-ताशों और आरती की गूंज से माहौल भक्तिमय होगा। हर गली-मोहल्ले में ढोल-ताशों की धुन और आरती की मधुर ध्वनि वातावरण को खुशमय बना रहेगा। मंदिरों और पंडालों में विशेष पूजन, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है।

गणपति जी को विघ्नहर्ता और संकटमोचन कहा जाता है। लोग उनके स्वागत में अपने घरों को सजाक तरह-तरह के भोग बनाकर पूरी श्रद्धा से पूजा-अर्चना करेंगे। आज से शुरू होकर अनंत चतुर्दशी तक चलने वाले इस पर्व में दिन-प्रतिदिन बप्पा की सेवा, पूजन, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहेगा।

# नर्सिंग शिक्षा मानवता की सबसे बड़ी सेवा : महापौर

- रिलायंस नर्सिंग संस्थान का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



लिमतरा स्थित रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग का 13वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। विशेष आकर्षण नर्सिंग सेवा का महत्व विषय पर मंचित नाटक रहा, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। मुख्य अतिथि रामू रोहरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल करियर नहीं, बल्कि यह त्याग, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। नर्स मरीज के जीवन में नई उम्मीद जगाती है। यह संस्थान धमतरी के लिए गर्व की बात है कि यहां से निकले विद्यार्थी प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि डा. शशांक रस्तोगी चेयरमेन रस्तोगी ग्रुप ऑफ नर्सिंग कॉलेजेस, प्रमोद बल्लेवार डायरेक्टर, अमित जैनवाल, अजय गोयल तथा संस्थान के प्राचार्य संजय लाल थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए नर्सिंग क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ने का संदेश दिया।

## कुर्रा में तिजहारिनों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

छत्तीसगढ़ के बारहमासी त्योहारों में से एक तीजा पोरा पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कुर्रा के युवाओं द्वारा तिजहारिन बहनों के सम्मान में सामूहिक तीज मिलन, करूभात का कार्यक्रम रखा गया। रात्रि में रामायण का आयोजन किया गया। तिजहारिन बहनों द्वारा सामूहिक पारंपरिक लोक नृत्य, सुआ गीत व बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सभापति श्रीमती तारिणी चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि सरपंच धर्मिन यादव, नारायण साहू, सुमन साहू, अशोक यादव, थनवार यादव, हेमलाल साहू, एवन पटेल, गंगाराम दीवान, तेजराम दीवान, राकेश साहू, युवराज, अक्षय, भूपेंद्र, मनीष यादव, मानसिंग केंवट थे। मंच संचालन चुम्मन साहू ने किया।

## गांजा का लेन-देन करते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

- भखारा पुलिस ने की कार्रवाई



भखारा पुलिस ने गांजा का लेन-देन करते दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। 3.304 किलोग्राम गांजा, 2 मोबाइल, 2 मोटरसाइकिल समेत कुल 2,24,560 रूपये का माल जब्त किया। मुखबिर से भखारा पुलिस को सूचना मिली कि मोहन ढाबा के पास गांजा की खरीदी-बिक्री की सौदेबाजी होने वाली है। सूचना पर थाना प्रभारी भखारा की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान आरोपियों धर्मेंद्र कुमार सतनामी एवं तरुण कुमार साहू उर्फ लादेन को रंगे हाथ गांजा का लेन-देन करते गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उनके कब्जे से 03.304 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत 49,560 रूपये, बुलेट मोटरसाइकिल सीजी 05 एएल 6735 कीमत 1,20,000 रूपये, एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 07 बीवाय 0683 कीमत 40,000 रूपये, 2 नग मोबाइल फोन कीमत 15,000 रूपये कुल 2,24,560 रूपयेका माल जब्त किया गया। पुलिस ने धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी धर्मेंद्र कुमार सतनामी (गांजा बेचने वाला) पिता गोपाल राम सतनामी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव थूहा थाना कुरूद, जिला धमतरी (छग) एवं तरुण कुमार साहू उर्फ लादेन (गांजा खरीदने वाला) पिता चिंता राम साहू उम्र- 26 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा थाना भखारा जिला धमतरी (छग) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## जिले के कूडो खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगदेही(धमतरी)

चतुर्थ छत्तीसगढ़ स्टेट टूर्नामेंट दुर्ग जिले में 22, 23 और 24 अगस्त को आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में धमतरी जिले के कुल 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में नागेंद्र कुमार ब्रांस मेडल, सीनियर वर्ग में मोनिका यदु गोल्ड मेडल, राजेश्वरी निषाद गोल्ड मेडल, चित्ररेखा साहू ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किए है। सभी गोल्ड मेडल खिलाड़ियों का चयन अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय कूड़ो टूर्नामेंट में हुआ है। इस उपलब्धि पर जेपी देव खेल विभाग धमतरी, जिला कूडो संघ के अध्यक्ष रघुनाथ नेताम, कोच योगेश कुमार समेत अन्य लोगों ने हर्ष जताया है।

## ग्राम बगौद में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया, हुए विभिन्न कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम बगौद में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया। पोला पर्व पर कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रस्साकसी, कबड्डी, दौड़, मटका फोड़ जैसे कार्यक्रम हुए।

इस दौरान हेमलाल साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, कमलेश साहू, तुलाराम पाल सरपंच बंजारी, द्वारिका उपसरपंच बंजारी, ईश्वर उपसरपंच बगौद, माधवराम साहू, महेंद्र साहू, लेखू साहू, श्यामलाल साहू, भगत साहू, रविंद्र पटेल, पंचूराम साहू, संतराम यादव, हीरामणि साहू, पुराणिक साहू, हुकम पटेल, भूषण साहू, ओमप्रकाश, पुरु निषाद, सुरजा बाई उपस्थित थे।

## जिपं अध्यक्ष ने मसानडबरा में पीएम आवास का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा में अति पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सरपंच नागेंद्र बोरझा भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी दी गई। साथ ही कमार जनजाति की जीवनशैली और मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें योजनाओं से जुड़कर मुख्यधारा में आने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शासन की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## कोसमर्रा में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

- किसानों को बताया जैविक खेती का महत्व



ग्राम कोसमर्रा में एक कंपनी द्वारा प्रगति छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिकारी सूरज सिंह फील्ड मार्केटिंग मैनेजर, क्रांति तिवारी रीजनल बिजनेस मैनेजर, अभिषेक यादव सीनियर एएसएम, राहुल परमार टीएसएम दुर्ग एवं विपिन लोखंडे टीएसएम रायपुर थे। हायर सेकेण्डरी कोसमर्रा के प्राचार्य बीके साहू, सीआर साहू, बीआर शांडिल्य, दुष्यंत ध्रुव व ओंकार कश्यप प्रबंधक, सजीवन साहू लिपिक, खेमेश्वर राव वाकड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, धरम साहू, रामप्रसाद कंवर, रोहित साहू, कोमल साहू, संतराम साहू, केतु साहू, लोमन कंवर भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर कंपनी की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मेहनतकश किसानों को किसान सम्मान प्रमाण-पत्र देकर उनकी कृषि में उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया। कंपनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों और किसानों को जैविक खेती के महत्व, आधुनिक कृषि पद्धतियों तथा बायोज़ाइम के उपयोग से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। बताया कि जैविक खेती से न केवल उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है बल्कि भूमि की उर्वरता और किसानों की आय में भी वृद्धि होती है।

## राजपुर में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता दो को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम राजपुर में भगवान भोलेनाथ गणेशोत्सव तथा नवाखाई के अवसर पर जय शिवाजी क्रीड़ी समिति द्वारा एक दिवसीय राज्यस्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन दो सितंबर को किया जा रहा है। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10,025 रुपए एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 7,025 रुपए एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 4,025 रुपए एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार 3,025 रुपए एवं ट्रॉफी दी जायेगी। प्रवेश शुल्क 301 रूपए है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 17,025 रुपए एवं ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार 12,025 रुपए एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 8,025 रुपए एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार 5,025 रुपए एवं ट्रॉफी है। प्रवेश शुल्क 351 रखा गया है। उद्घाटन मंगलवार को रात्रि 8 बजे होगा। प्रतियोगिता की तैयारी में

संरक्षक उत्तम नेताम सरपंच, जयकिशन साहू उपसरपंच, जागेश्वर सिंह मरकाम, आनंदराम नेताम कोटवार, गिरधर सिंह ग्राम पटेल, घसियाराम चन्द्रवंशी, केशव प्रजापति, सुग्रीव वट्टी, कांशीराम बट्टी, धनेश नेताम, रिखीलाल नेताम, गैंदलाल मरकाम, कृष्णकुमार कुंजाम, राकेश नेताम, भानेन्द्र अग्रवाणी, उत्तम नेताम, गौतम चन्द्रवंशी, संतोष निषाद, मोहित साहू समेत अन्य जुटे हैं।

## सेजेस सिंगपुर के विद्यार्थियों को मिलेगी डिजिटल शिक्षा

- भूतपूर्व छात्र ने बनाई है विद्यालय की वेबसाइट, मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में आईसीटी एवं डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही गई है। इसी कड़ी में एनसीईआरटी ने दीक्षा नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है, जिसमें विषयवार अध्ययन सामग्री और गतिविधि आधारित वीडियो शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इसका विशेष लाभ मिल रहा है।

इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए सेजेस सिंगपुर के भूतपूर्व छात्र हेमंत ध्रुव ने विद्यालय की वेबसाइट तैयार की। इसका शुभारंभ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया। इस पहल से विद्यालय के शिक्षक, छात्र और पालक उत्साहित हैं। विद्यालय में अब डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन, स्मार्ट बोर्ड, एडेप्टिव टेस्टिंग और अन्य सॉफ्टवेयर संबंधी जानकारी विद्यार्थियों को दी जा रही है। साथ ही पालकों के सहयोग से विद्यालय को 75 इंच का टीवी भी प्रदान किया गया है जिसका उपयोग विषयवस्तु आधारित शिक्षण, मोटिवेशनल वीडियो और प्रेरणादायी उद्बोधन के लिए किया जा रहा है। शिक्षकों को भी निष्ठा, दीक्षा, विद्यांजलि पोर्टल के प्रयोग की ट्रेनिंग दी जा रही है। भूतपूर्व छात्र हेमंत ध्रुव का कहना है कि मैंने इस विद्यालय से जो शिक्षा प्राप्त की है, अब उसी का ऋण चुकाने के लिए डिजिटल शिक्षा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा हूं।

**डिस्पेंसरी में दवाओं की कमी सहित अन्य समस्याओं को लेकर चेयरमेन को ज्ञापन सौंपा जायेगा**

# सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ 1 सितंबर को करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



नवगठित छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ 26 अगस्त को आयोजित अपनी प्रथम कार्यसमिति बैठक में पावर कम्पनी औषधालय में दवाओं की कमी, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 2004 की पदोन्नति नीति को खारिज करने के डेढ़ साल बाद भी सेवानिवृत्त कर्मियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान नहीं करने, अरबों रुपयों की हानि वाली पावर कम्पनी मुख्यालय के लिए 500 करोड़ का पांच सितारा भव्य भवन निर्माण करने की योजना का विरोध सहित अन्य समस्याओं पर सरकार और प्रबंधन का ध्यानाकर्षण करने 1 सितंबर को 11 बजे डंगनिया मुख्यालय द्वार पर प्रदर्शन कर चेयरमेन को ज्ञापन सौंपेगा।

महासंघ ने यह भी निर्णय लिया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से भेंट कर शिलान्यास कार्यक्रम निरस्त कर पावर कम्पनी के क्रियाकलापों की जांच कराने की मांग की जाएगी।

बैठक में अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह वालिया, महामंत्री पुनारद साहू, संगठन मंत्री शिशिर कुमार मजूमदार, कोषाध्यक्ष हेमेंद्र जाधव, सदस्य संजय चौधरी, संतोष दुबे, प्रदीप देवांगन, अखिल भारतीय महामंत्री अरुण देवांगन और मोहन एंटी उपस्थित थे। यह जानकारी पी आर साहू प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने दी।

## बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)

क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर ग्रामीण इन दिनों परेशान है। पेयजल से लेकर दैनिक जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। बारिश के दिनों में रात्रि को समय बेसमय बिजली बंद हो जाने से लोगों को काफी पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक बिजली की कटौती कनेरी कुलिया, आनंदपुर फीडर में हो रही है जिसका विभागीय अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है। थोड़ा सा मौसम खराब हुआ है कि बिजली घंटों गुल हो जाती हैं। क्षेत्र में बिजली कब बंद हो जाए इसका कोई समय निर्धारित नही है। यदि अचानक कहीं कोई फाल्ट हो जाए, तो कब सुधरेगा इसका तो भगवान ही मालिक है। खराब ट्रांसफार्मर एवं पुराने जर्जर तार के कारण बरसात में तार कभी भी टूटकर गिर जाता है, जिससे मवेशी व आम नागरिकों को खतरा बना रहता है। गांवों में लगे अधिकांश ट्रांसफार्मर के पुराने एवं जर्जर हो जाने के कारण कभी गांव के आधे हिस्से में बिजली रहती है, तो आधे हिस्से में अंधेरा छा जाता है। सुबह से रात तक बिजली की आंख मिचौली चलती रहती है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

खबर संक्षेप

### दुकान सौंदर्यीकरण के लिए चर्चा की



**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के मुख्य चौक पर नगर पंचायत द्वारा निर्मित कंपलेक्स दुकानों के ऊपर दुकान बनाकर सौंदर्णीयीकरण करते हुए शहर का विकास हो, इसके लिए 27 अगस्त को नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर के द्वारा आर्किटेक्ट मनोज साहू के साथ चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन डड़सेना, समाज सेवी नगर राजकुमार ठाकुर, राजेश तिवारी, नरोत्तम सिंह चौहान, अखिल सिंह राठौर, जितेन्द्र बेंजामिन, युवा नेता समाजसेवी राहुल सिंह धुन्ने, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर, भुवनेश्वर जैन, यशवंत साहू, अनीता, रोशन, हरीश शर्मा शामिल रहे।

### हायर सेंटर ले जाते घायल की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 16 कल्याणपुर निवासी 60 वर्षीय पुलिंग बैरागी का 25 अगस्त को दोपहर ढाई बजें पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से मौत हो गया। पीव्ही 16 निवासी संदीप बैरागी ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए पखांजुर से धमतरी ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### राशि नहीं मिलने पर बांस-बल्ली से ग्रामीण बना रहे बाउंड्रीवाल

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम डांगरा में माध्यमिक शाला व हाईस्कूल में ग्रामीणों ने बांस, बल्ली से बाउंड्रीबाल का निर्माण करवाया है। पक्की बाउंड्रीबाल निर्माण के लिए राशि स्वीकृति की मांग किया था, लेकिन शासन से राशि नहीं मिल पाई। स्कूल की सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीणों ने मिलकर बांस, बल्ली से बाउंड्रीबाल बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि वे हर वर्ष इसी तरफ लकड़ी का उपयोग कर बाउंड्रीवाल का निर्माण करते है। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेन्द्र नरेटी, उपाध्यक्ष जगदेव कोरेटी, हाईस्कूल शिक्षा समिति अध्यक्ष मदनलाल दुग्गा, सदस्य विष्णु नेताम, बिसाहू मरकाम, घनश्याम कोवाची ने बताया कि शासन से बाउंड्रीबाल निर्माण के शासन से कोई मदद नहीं मिल रही है। इसलिए ग्रामवासी मिलकर जनसहयोग से बांस-बल्ली से बाउंड्रीबाल बनाते हैं।

### गोंड़पाल की 18 छात्राओं को मिली मुफ्त साइकिल

**दुर्गुकोंदल।** हाईस्कूल गोंड़पाल में सरस्वती साईकिल योजना के तहत 18 छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण भाजपा मंडल मंत्री तुकाराम पटेल, सूरदास कोमरे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष हलालराम सलाम, सरपंच ललेश्वरी के आतिथ्य में वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्राएं पढ़ाई करें। स्कूल जाने और आने में कोई परेशानी ना हो इसलिए सरकार साइकिल दे रही है। निः शुल्क पुस्तक और छात्रवृत्ति दे रही है।

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में कुरुद तहसील कार्यकारिणी की बैठक हुई

# नशामुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखनलाल मरई की उपस्थिति में कुरुद तहसील की कार्यकारिणी की मीटिंग आदिवासी सामुदायिक भवन कुरूद में हुई। चर्चा उपरांत सभी पदाधिकारी ने समाज को नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दोहराते हुए नशे से होने वाली शारीरिक और आर्थिक नुकसान को लेकर समाज के एक-एक व्यक्ति तक जाने की बात कही।

बैठक में निर्णय अनुसार समाज में ग्राम कमेटी गठित कर नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। आदिवासी जमीन को गैर आदिवासी को बेच रहे हैं। उस पर भू-राजस्व संहिता के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही गई। समाज को अपने संवैधानिक अधिकार के लिए मिलकर लड़ना होगा। विश्व आदिवासी दिवस को सब मिलकर प्रतिवर्ष उत्साह से मनाने का निर्णय लिया गया। खोया पूनेम गोंडी गाथा कार्यक्रम कराने में सर्व आदिवासी समाज सहयोग करने का आश्वासन दिया। समाज के लोगों को शिक्षा से जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा और नशा मुक्त समाज बनाना तभी सार्थक होगा जब हम सब मिलकर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत काम करेंगे।

इस अवसर पर जीवराखन लाल मरई, देवनाथ नेताम, ललित ठाकुर, कुलंजनसिंह मंडावी, बसंत ध्रुव, बालमुकुंद नेताम, काशीराम कंवर, तेजराम छेदैया, टीकम कटारिया, नानू कंवर, सुरेंद्र कंवर, शिवदयाल ध्रुव, साधुराम कंवर, बरसन पारधी, प्रेमलाल नगारची, हितेश नगारची, कालीचरण नगारची, भानसिंह नगारची, सत्यवान दीवान, राधेलाल ध्रुव, सोहन कंवर, पोखराज नेताम, शिवदयाल नेताम, अशोक कंवर, शत्रुघन दीवान, अकबर कंवर, कमलेश मंडावी, कृष्ण कुमार कंवर, कमलनारायण ध्रुव, नरसिंह दाऊ सहित सर्व आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बंदी सीख रहे खुश रहने के तरीके



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला जेल में बंदियों को खुश रहने के तरीके और उससे होने वाले फायदे बताए जा रहे हैं। मेडिटेशन के साथ- साथ सोच में बदलाव लाकर तनाव को दूर रखने के तरीके पर भी फोकस किया जा रहा है।

कई प्रकार के अपराधों के आरोप में बंदी जिला जेल में निरूद्ध है। कई तनाव और अवसाद में आकर अपराध करके जेल पहुंचे हैं, वहीं कई क्षणिक आवेश में आकर अपराध कर बैठे हैं। कुछ बंदी जेल में रहने से तनाव और अवसाद की ओर है। इन स्थितियों को देखते हुए महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला जेल धमतरी में 26 से 31 अगस्त तक 6 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग का शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें बंदियों को योगा, मेडिटेशन के साथ खुश रहने और सोच में बदलाव लाने के तरीके बताए जा रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक परमानंद साहू, गोधन साहू, भोजराम साहू, हरीश साहू के साथ सहायक जेल अधीक्षक नरेंद्र कुमार डहरिया, दानीलाल साहू, शिक्षक निरंजन रात्रे सहित जेल के अन्य कर्मचारी कार्यक्रम में सहयोग दे रहे हैं।

## कृपाशंकर ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु नामांकन दाखिल करने की तिथि 26 अगस्त की शाम 4 बजे तक थी। शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति धमतरी में आम सहमति से कृपाशंकर मिश्रा का नाम प्रस्तावित किया गया जिसे सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

कृपाशंकर मिश्रा द्वारा अध्यक्ष पद हेतु नामांकन फॉर्म निर्वाचन अधिकारी हनुमान सिंह वर्मा को प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय तक एक ही नामांकन आने के कारण निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष पद के निर्वाचन की घोषणा 8 सितंबर को कर्मचारी भवन धमतरी में की जाएगी। इस अवसर पर राजकुमार मिश्रा, होलाराम परिहा, गणेश राव पवार, यशकरण सिंह गजेंद्र, बलवंत राव पवार, कृष्णा राम साहू, सेवक राम नेले, अरुण कुमार गौर, ईश्वरी दयाल साहू, भरतलाल साहू, भीखम लाल साहू, लालाराम मगेंद्र, चुन्नीलाल तुरिया, नंदकिशोर साहू उपस्थित थे।

## रामधुनी गायन से समाज में फैलती है सकारात्मक ऊर्जा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





शांति चौक सोरिद नगर में तीज पर्व के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रामधुनी गायन के शुभारंभ अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि राम नाम का जाप और रामधुनी गायन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह समाज में भक्ति, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। ऐसे आयोजनों से न केवल लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता की भावना भी मजबूत होती है। तीज पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इस पर्व पर आयोजित रामधुनी गायन आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कारों और जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। आज के दौर में ऐसे सामूहिक आयोजनों की सबसे अधिक आवश्यकता है, जिससे समाज में शांति और सद्भाव का वातावरण बने। अति विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पण्डित, राम कुमार साहू, इन्द्रेश देवांगन, कमल सेन थे। आयोजन समिति की सदस्य आशा यादव, तेजबाई पटोदी, फूलबती पटोदी एवं रजवंतीन बाई पटोदी ने बताया कि रामधुनी गायन का आयोजन विगत वर्षों की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

संकुल स्त्रोत केन्द्र अरौद डुबान में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई जिसमें प्राथमिक विभाग से पुरंजय सोरी प्रथम एवं करिश्मा दूसरे स्थान पर रहे। माध्यमिक विभाग से तनुजा प्रथम एवं अनूप कुमार द्वितीय रहे। हाईस्कूल से मनीषा प्रथम एवं अनिता दूसरे स्थान पर रही। प्रथम एवं दूसरा स्थान पर आने वाले बच्चों को शील्ड प्रदान किया गया। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का मानसिक विकास होता है। संकुल समन्वयक उत्तम कुमार गंगवीर ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। मौके पर राजेश मरकाम, संगीता यादव, देवहूति ध्रुव, उर्मिला ध्रुव, रिजवी, सुरेश साहू, भुवन प्रसाद सोरी, शिवशंकर तेता, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, जोगेंद्र बिसाई का सहयोग रहा।

## सांवत्सरिक प्रतिक्रमण से पूर्व अपने अंदर की गांठ को खोल लेना है : प्रशम सागर

- पार्श्वनाथ जिनालय में जैन मुनियों का प्रवचन सुनने उमड़ रहे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में जैन मुनियों का प्रवचन सुनने समाजजन उमड़ रहे हैं। प्रशम सागर महाराज साहेब ने प्रवचन के माध्यम से फरमाया कि आज क्षमापन पर्व है। आज सांवत्सरिक प्रतिक्रमण करने से पूर्व अपने अंदर की गांठ को खोल लेना है अर्थात प्रतिक्रमण से पूर्व क्षमा याचना कर लेना है और सभी को क्षमा भी कर देना है। आज पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का अंतिम दिन है। भद्रबाहु स्वामी द्वारा रचित मूलसूत्र का वाचन श्री संघ के समक्ष किया जाता है। यह मूल सूत्र प्राकृत भाषा में है। पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के 7 दिनों में हमने जो हिंदी में श्रवण किया, आज उसका मूलसूत्र प्राकृत भाषा में श्रवण करना है। इस सूत्र को बारसा सूत्र कहते हैं। बारसा सूत्र को बोहराने का लाभ नवरतनमल मनोज कटारिया परिवार ने लिया। पाना झेलाने का लाभ रमेशचंद इंद्रेश सराफ परिवार ने लिया। पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन प्रवचन में पहले कल्पसूत्र के मूलपाठ का वाचन प्रशम सागर एवं योगवर्धन महाराज साहेब द्वारा किया गया। उसके बाद गुरु भगवन्तों की निश्रा में पूरा श्रीसंघ चैत्यपरिपाटी हेतु गया। चैत्यपरिपाटी में अपने शहर में जितने भी जिनालय होते हैं, उन सभी जिनालय में जाकर श्री संघ के साथ परमात्मा का दर्शन, वंदन किया जाता है।

श्री संघ ने पहले पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में परमात्मा का दर्शन वंदन किया। उसके बाद पूरा श्रीसंघ जुलूस के रूप में बालक चौक स्थित श्री आदिश्वर जिनालय पहुंचा। वहां पर भी परमात्मा का दर्शन वंदन किया हुआ। फिर उसके बाद श्रीसंघ शांति कॉलोनी स्थित अभिनंदन स्वामी जिनालय पहुंचा। वहां पर भी गुरु भगवन्तों के साथ श्री संघ ने परमात्मा का दर्शन वंदन का लाभ लिया।

## छत्तसीगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर गायों की तस्करी ग्रामीणों की मदद से गौवंश लदा वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर




बांदे थाना क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर मवेशी तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता से पुलिस ने मवेशियों से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त किया और एक तस्कर को भी हिरासत में लिया है। यह घटना क्षेत्र में सक्रिय मवेशी तस्करी के नेटवर्क की ओर इशारा करती है। ग्राम मरोड़ा के पास स्थानीय ग्रामीणों ने एक पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 33 एनएफ 4565 को रोका। वाहन में क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर गायों को भरा गया था और उन्हें महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों ने जब वाहन में मौजूद लोगों से पूछताछ कि तो उनके पास पखांजुर नगर पंचायत की एक रसीद दिखाया। हालांकि ग्रामीणों को उन पर शक हुआ और उन्होंने वाहन को रोककर रखा। इसी दौरान ग्रामीणों ने एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा, जो पैदल तीन गायों को महाराष्ट्र की तरफ ले जा रहा था। पूछताछ में उसने अपना नाम खोखन बताया। खोखन ने ग्रामीणों को बताया कि वह इन गायों को सोहगांव महाराष्ट्र में छोड़ने जा रहा था और पीव्ही 76 निवासी कृष्ण गाईन के लिए दिहाड़ी पर काम करता है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी बांदे पुलिस को दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन को उसमें भरी गायों के साथ जब्त कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने पैदल जा रहे आरोपी खोखन को भी हिरासत में ले लिया है। पिकअप वाहन में मिली गायों को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की पूछताछ जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। इ

## फसल बीमा में घट रही किसानों की रूचि



- फसल बीमा के लिए किसानों से सहमति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फसल बीमा में किसानों की रूचि घटी है। अब तक मात्र 62706 किसानों की एंट्री हुई है, जिन्होंने फसल बीमा कराया है। एंट्री का काम चालू है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बीमा का यह आंकड़ा 70 हजार में ही सिमट जाएगा।

मौसम एवं अन्य प्रकार के प्रकोप से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए किसानों को फसल बीमा का सपोर्ट दिया जाता है। ऋण लेने पर पहले किसानों से बिना पूछे ही फसल बीमा कर दिया जाता था। अब फसल बीमा के लिए किसानों से सहमति जरूरी है। इसके लिए किसानों से सहमति पत्र भी लिया जाता है। जबसे किसानों से सहमति लेना शुरू किया गया है,फसल बीमा के आंकड़ों में लगातार कमी आ रही है। पिछले साल तो 72 हजार किसानों ने फसल बीमा कराया था। इस साल तो फसल बीमा इस आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाएगा।

### 43 प्रतिशत एरिया कवर

किसान सालों से फसल बीमा कराते आ रहे हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में किसानों को पर्याप्त बीमा लाभ नहीं मिलता है। इसी कारण किसान बीमा करवाने से पीछे हट रहे हैं। जिले में करीब 1 लाख 50 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल ली जाती है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक इसमें से 65490 हेक्टेयर ही बीमा कवर हुआ है। जानकारी के अनुसार इस बीमा के लिए 56 करोड़ 52 लाख 60 हजार 681 रुपए का प्रीमियम किसानों से वसूला गया है।

## दस माह से खनिज विकास निधि की नहीं हुई बैठक, विकास कार्य हो रहे हैं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




खनिज विकास निधि की बैठक हर छः माह में होना है, परंतु दस माह निकल गए, उसके बाद भी बैठक नहीं हो पा रही है। बैठक नहीं हो पाने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लगातार पता लगा रहे है कि बैठक कब होगी और बैठक नहीं होने का कारण भी पता लगा रहे है, परंतु सहीं कारण अभी तक नहीं पता चल पा रहा है। डीएमएफ से अस्थायी रूप से होने वाली नियुक्तियों पर भी विराम लगा हुआ है। अक्टबूबर 2024 के बाद बैठक नहीं हो पाई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरूआत 1 अप्रैल से हो गई थी और इसकी बैठक 90 दिन के अंदर हो जाना चाहिए था। जानकारों की मानें तो साल में कम से कम दो बैठक होनी चाहिए। कांकेर जिला में खनिज विकास निधि की बैठक नहीं हो पा रही है। इस मामले में ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जो बैठक के लिए आपेक्षित है, उनको बैठक को लेकर उत्साह है, परंतु बैठक नहीं होने के कारण मायूस है। उनको समझ में नहीं आ रहा है कि खनिज विकास निधि की बैठक क्यों नहीं हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि बैठक हो जाने से पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य स्वीकृत होते है, परंतु बैठक नहीं होने से पूरे कार्य ठप्प पड़े हुए है। पंचायत में मूलभूत और 16 वें वित्त आयोग से जो राशि मिल जाएं, उसी से काम होते है, परंतु यह राशि बहुत कम होती है, जिससे बड़े काम नहीं हो पाते है। ग्रामीण क्षेत्र में सड़क, स्कूल की मरम्मत, नल की मरम्मत, आंगनबाड़ी की मरम्मत हो हो जाना था, परंतु बैठक नहीं हो पाने के कारण यह सभी कार्य रूके हुए है। जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रस्ताव बनाकर बैठे है और बैठक का इंतजार करने को मजबूर है। खनिज विकास अधिशासी परिषद के अध्यक्ष कलेक्टर होते है और बैठक आहूत करने का अधिकार उन्हीं के पास है, परंतु किस कारण से बैठक नहीं बुलाई जा रही है, यह समझ के परे है।

कंडेल कॉलेज में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का हुआ आयोजन

# दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड के लिए चार स्वयंसेवकों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में 25 अगस्त को रासेयो इकाई द्वारा महाविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सहभागिता के लिए पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत पूरे भारत देश से राष्ट्रीय सेवा योजना के श्रम सेवकों का चयन किया जाता है जो 26 जनवरी को कर्तव्य पथ में गणतंत्र दिवस परेड करते हैं। चयन परेड में प्रथम सेमेस्टर से लेकर अंतिम सेमेस्टर तक के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को 1500 मीटर की दौड़ कराई गई। तत्पश्चात फ्लैट फुट, ऊंचाई, वजन, दृष्टि क्षमता आवाज सुनने की क्षमता का परीक्षण किया गया। मार्च पास्ट के माध्यम से स्वयंसेवकों के शारीरिक संचलन का परीक्षण किया गया। इस दौरान स्वयंसेवक तुषार साहू बीए तृतीय सेमेस्टर, देवेंद्र कुमार बीए प्रथम सेमेस्टर, गेमेश्वरी साहू बीए प्रथम सेमेस्टर, गीतांजलि रावत बीकॉम प्रथम सेमेस्टर का महाविद्यालय स्तर पर चयन किया गया।

उक्त स्वयंसेवक जिला स्तरीय चयन शिविर में भाग लेने के लिए बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी में 28 अगस्त को उपस्थित होंगे। प्राचार्य प्रो रविश दास ने कहा कि 26 जनवरी को दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने से युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत होती है। इससे युवाओं को देश से जुड़ने का एक बेहतरीन विकल्प मिल जाता है। इस प्रक्रिया का संचालन कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा ने किया। विशेषज्ञ के रूप में साकेत गंगबेर मौजूद थे। स्वयंसेवकों के चयन पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान सहित अतिथि व्याख्याता डॉ संगीता गोयल, डॉ ऋचा शुक्ला, सुश्री दीक्षा सोम, सविता लहरे, टिकेंद्र वर्मा, मानू नारायण सारथी, टेकेश्वर साहू, राधिका साहू ने हर्ष जताया है।

## खबर संक्षेप

### शंकरदाह के पूर्व सैनिक का स्पेशल फोर्स में चयन

**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह के हवलदार (रिटायर्ड) सोहन साहू



का ओडिशा पुलिस (स्पेशल फोर्स) में चयन होने से परिवार एवं ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। थलसेना में 17 साल तक सेवा देने के बाद वे 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हुए थे। प्रशिक्षण एसओजी कोरापुट ओडिशा में लेंगे। सखाराम साहू हवलदार रिटायर्ड, प्रतीक साहू, महेश साहू ,श्रीमती पुष्पालता साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### दुधावा में प्रो कबड्डी का आयोजन 30 से

**दुधावा।** श्री शक्ति युवा संगठन आवासपारा दुधावा के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेशोत्सव के शुभ अवसर पर 30 से 31 अगस्त तक दो दिवसीय डे-नाइट पुरुष प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 15025, द्वितीय पुरस्कार 10025, तृतीय पुरस्कार 5025 व चतुर्थ पुरस्कार 2525 रुपए रखा गया है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन 8 वर्षो से चला आ रहा है, जिसमें कांकेर, धमतरी, बालोद, गरियाबंद, महासमुंद व कोंडागांव जिले के खिलाड़ी शिरकत करते है।

### साक्षात्कार के लिए मेरिट सूची जारी

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त विभिन्न पदों की अस्थायी पूर्ति के लिए साक्षात्कार वाक-इन-इंटरव्यू के बाद विद्यालय स्तर पर तैयार की गई मेरिट सूची जारी कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत यह चयन प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इसके अंतर्गत निर्धारित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों से विभिन्न तिथियों में विद्यालय स्तर पर साक्षात्कार लिए गए थे।

### डे- नाइट कबड्डी स्पर्धा 2 सितंबर से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सिवनी के युवा संगठन समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय डे नाईट कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन 2 सितंबर से किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष फगनूराम गौर, उपाध्यक्ष जागेश्वर तोपा, सचिव सुदेश तोपा, सहसचिव चुम्मन सिन्हा, कोषाध्यक्ष सोनूराम उयका व देवप्रसाद चुरेंद्र ने बताया है कि डे नाईट कब्बड्डी प्रतियोगिता 02 से 03 सितबंर 12 बजे से रात 11 बजे तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15015, द्वितीय 7777 एवं तृतीय 4444 रूपए दिया जाएगा।







## 11 दिन तक अंचल में रहेगा उत्सव का माहौल, पंडालों में होंगे धार्मिक आयोजन

# गणपति बप्पा विराजे, मायके आई तिजहारिनें हो रही विदा, यात्री बसों में फिर बढ़ी भीड़







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

त्योहारी सीजन होने के कारण लोगों में काफी उत्साह है। हरियाली आमावस्या से प्रारंभ हुए नागपंचमी, श्रावण पुत्रदा एकादशी, रक्षाबंधन, ओणम, हलषष्टी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद अब तीज का त्योहार समाप्त हुआ। तिजहारिनों का फलाहर के बाद माता-पिता से उपहार लेकर खुशी-खुशी ससुराल जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। तीजा व्रत के बाद 11 दिन तक गणेश उत्सव की धूम रहेगी। बुधवार की शाम को शुभ मुहूर्त पर गजानंद स्वामी को स्थापित किया गया जिसकी प्रतिदिन सुबह शाम आरती, आराधना, स्तुति की जाएगी। बता दें कि सार्वजनिक तौर पर गली, मोहल्लों, चौक चौराहों में पंडाल सजाकर लगभग 400 स्थानों पर श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसी तरह घरों में श्री गणेश जी विराजमान हैं। भक्त पूरी आस्था, उत्साह से श्रीगणेश जी की आराधना में लग गए हैं। घरों में स्थापित एवं पंडालों में विराजे गणेशजी को आकर्षक लाइट एवं झालर, फूल आदि से सजाया गया है। 11 दिन तक समिति के सदस्य एवं आम नागरिक पंडालों की देखरेख करके सेवा देंगे। रामधुनी, रामायण, रामलीला, कृष्ण लीला, शंकरपार्वती कथा, गणेश कथा, सत्यनारायण कथा, सत्संग आदि का कार्यक्रम शुरू हो गया है। सुबह शाम आरती में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

शहर में स्थापित बहुतायत प्रतिमाएं स्थानीय स्तर पर निर्मित हैं जिसकी कलाकृति देखते ही बनती है। मूर्ति निर्माण में धमतरी का एक अलग नाम है, जिसमें कुंभकार, प्रजापति परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी मूर्ति निर्माण की कला सीखते हैं और प्रतिमाओं को जीवंत रूप देते हैं। मूर्तिकारों ने कहा कि इस वर्ष व्यवसाय अच्छा रहा।

### देर रात तक होती रही स्थापना

बुधवार की शाम 6 बजे के बाद रात्रि 10 से 11 बजे तक गणेश प्रतिमा स्थापित होने का सिलसिला चलता रहा। भक्तगण पंडाल स्थल से बैंड बाजे, डीजे, आतिशबाजी के साथ गणेश जी को लिवाने गए और स्थापना स्थल तक काफी स्नेह से लाए। पंडितों ने मंत्रोच्चार कर विधिविधान से प्राण प्रतिष्ठा की। आरती बाद प्रसादी वितरण हुआ। समिति के सदस्यों का कहना है कि गणेश स्थापना पूरी तरह जनसहयोग पर निर्भर है। प्रतिमा के लिए मूर्तिकारों को दो माह पहले एडवांस देकर आर्डर देते हैं तभी बड़ी प्रतिमा प्राप्त होती है।

### यात्री वाहनों में भीड़, फेरे भी बढ़े




तीजा पर्व पर यात्री वाहनों को एक पल ठहरने की फुर्सत नहीं है। जहां दिनभर दो फेरा लगता था वहीं अब चार चार फेरे लगा रहे हैं। बस संचालक भी बसों की संख्या बढ़ाकर फेरे भी बढ़ा दिए है। बस संचालक महावीर गुप्ता ने बताया कि यह तिजहारिनों को सुविधा देने के लिए किया जा रहा है। धमतरी से निकलने वाली सभी रूट में सुविधाएं दी जा रही हैं। हर दस मिनट में बस स्टैंड में बस की सेवा उपलब्ध है। यात्रियों को इंतजार करने की जरूरत नहीं है। सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक लोकल बस एवं लंबी दूरी की बस रातभर चल रही है।

### प्रतिमा ले जाते भक्त

**धमतरी।** घर, दुकान में विराजित करने गणेश प्रतिमा ले जाते भक्तगण, स्थापना के बाद 11 दिन तक प्रतिदिन पूजा-अर्चना, प्रार्थना आरती करेंगे।









# दो बाइक में भिड़ंत, तीन घायल



- अंबेडकर चौक सोरिद पुल के बीच हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुधवार की दोपहर अंबेडकर चौक व सोरिद पुल के बीच दो बाइक में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए।

मिले जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामतराई निवासी हिमांशु साहू पिता हेमंत 20 वर्ष बुधवार की दोपहर गांव के विकास साहू के साथ बाइक में गणेशजी की मूर्ति खरीदने के लिए कुम्हारपारा जाने के लिए निकला था। उनकी बाइक सोरिद पुल को पार कर अंबेडकर चौक की तरफ जा रही थी। इसी दौरान रांग साइड से सामने से प्रदीप यादव उम्र 32 वर्ष निवासी बांसपारा व चुनेश साहू दानीटोला अपने एक अन्य साथी के साथ नशे की हालत में बाइक चलाते जा रहे थे तभी अंबेडकर चौक व सोरिद पुल के बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रिपल सवार बाइक के चालक ने सामने से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों बाइक में सवार पांचों लोग सड़क पर गिर गए। बाइक के टकराने से हिमांशु, विकास घायल हो गए। हिमांशु को गंभीर चोट आई है। वहीं दूसरी बाइक में सवार दो लोगों को मामूली चोट लगी। तीसरा सवार घटना के बाद मौके से भाग गया। घायलों को आटो से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल हिमांशु को वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार दिया गया। घायल प्रदीप व मुकेश के प्राथमिक उपचार के बाद उसके परिजन घर ले गए।

# संदिग्ध प्रवासी व्यक्तियों की हुई जांच पूछताछ के बाद किया गया रिहा



**नगरी।** नगरी क्षेत्र में संदिग्ध प्रवासी व्यक्तियों की जांच के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बाहरी व्यक्ति नगरी क्षेत्र में देखे गए हैं। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने उन्हें थाना लाकर पूछताछ की। थाने में सभी व्यक्तिसे उनका पता, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर की जानकारी ली गई। जहां से आये वहां के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर फोन वेरिफिकेशन के माध्यम से उनकी पहचान की पुष्टि की गई। पूछताछ एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। इस संबंध में एसडीओपी मयंक पांडे ने बताया कि क्षेत्र में आने वाले सभी बाहरी व्यक्ति की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार सतर्कता बरत रही है। आमजनों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# लोकगीत और नृत्य ने लोगों का मन मोहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम धौराभांठा में तीजा तिहार के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर निगम के महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक फूल-मालाओं से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानिक ध्रुव ने की। विशेष अतिथि जिला महामंत्री महेन्द्र पण्डित, सरपंच त्रिलोचन साहू थे। अपने उद्बोधन में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि

तीजा तिहार हमारी संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व माताओं और बहनों के त्याग, प्रेम और आस्था को दर्शाता है। तीजा तिहार केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक समरसता और पारिवारिक एकजुटता का संदेश देता है। इस तरह के उत्सव हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं और नई पीढ़ी को अपनी विरासत समझाने का अवसर प्रदान करते हैं। सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुत लोकगीत और नृत्य ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। ग्राम की बालिकाओं और युवतियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं तिजहारिन माताओं ने पारंपरिक गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय और हर्षोल्लास से भर दिया। झूले पर झूलती महिलाओं ने हरियाली तीज के पारंपरिक लोकगीत गाकर पुराने समय की झलक ताजा कर दी। कार्यक्रम में बच्चों ने भी नन्हे-मुन्ने अभिनय और गीत प्रस्तुत किए, जिससे सभी दर्शक आनंदित हुए। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर रंगारंग कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# तेली दिवस पर हुई सामाजिक संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला साहू संघ द्वारा विश्व तेली दिवस पर सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन गोकुलपुर वार्ड स्थित सत्संग भवन में किया गया। गणेश चतुर्थी के दिन विश्व तेली दिवस मनाया जाता है।

वक्ताओं ने तेली समाज के गौरवशाली इतिहास और परंपरा पर वक्तव्य दिए। समाज के उत्थान के लिए पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों की भागीदारी को आवश्यक बताया। मौके पर जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, यशवंत, गणेश, विजय, महेश, राधेश्याम, रोहित, गोपीकिशन, भूमिका, गजानंद, कृष्णा, गणेशप्रसाद, रामकुमार, भोलाराम, कमलेशकांत समेत अनेक समाजजन उपस्थित थे।

# हटकेशर में रामधुनी का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर में दो दिवसीय रामधुनी (रामसत्ता) 26 अगस्त से प्रारंभ हुई। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर, विशिष्ट अतिथि महेंद्र पंडित थे।

इस दौरान रमेश देवांगन शिक्षा अधिकारी, लक्ष्मण साहू अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ, भागीरथी ध्रुव, शांति लाल देवांगन, डां लखन पटेल, उगेश बंसोर थे। प्रथम दिवस जय श्रीराम जानकी बस्तरिहा रामधुनी मंडली कुष्टिकुर कांकेर, जय दशरथ नंदन रामधुनी मंडली धोबनपुरी बालोद की प्रस्तुति हुई।

# देश के निर्माण में ओबीसी समाज की 90 प्रतिशत भूमिका : शत्रुहन





- महिला आरक्षण कोटा में ओबीसी की महिलाओं को भी शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय पिछड़े वर्ग का सम्मेलन हुआ। विशिष्ट अतिथि संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं ओबीसी संयोजन समिति छग के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि ओबीसी वर्ग की समस्या देश के पुनर्निर्माण की समस्या है। देश की आजादी और निर्माण में ओबीसी समाज की 90 प्रतिशत भूमिका है लेकिन आज जातियों और धर्म के बंधन ने ओबीसी वर्ग समाज की शक्ति को भुला दिया है। मेधावी सूची में नाम आने के बाद भी उन्हें कोटा तक सीमित करके रख दिया जाता है।

मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रकुमार चंदापुरी ने बिहार प्रदेश में विस्तारित 65 प्रतिशत आरक्षण की बहाली करने एवं 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कोटा में ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी शामिल करने की मांग की है। इस मौके पर संघ के संस्थापक रामलखन चंदापुरी के 102 वें वर्ष पर प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश के अध्यक्ष दिग्विजय कुमार दिवाकर ने की। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएल गंगवार, प्रदेश संरक्षक अजय कानू, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कांति शाह, राष्ट्रीय महासचिव प्रभात सिंह, दानेश्वर चंद्राकर, शैलेन्द्र कुमार साहू, डॉ एलबी सिंह, सिपाही यादव, सुरेंद्र कुशवाहा, श्रीमती सुनीता, लालमोहन सिंह, रामबाबू साहू, गंगाप्रसाद राय, डॉ बैजनाथ पासवान, श्रीमती चंद्रकला देवी, डॉ महबूब आलम अंसारी, केके सिंह चंदापुरी, शैलेंद्र कुमार साहू, धनेश्वर चंद्राकर समेत अन्य अतिथियों ने भी सभा को संबंधित किया।




# बालिकाओं को किया जा रहा सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा और बालिका सुरक्षा माह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के साथ-साथ बाल संरक्षण और पॉक्सो एक्ट बाल विवाह उन्मूलन, लैंगिक समानता, बालकों की सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ बालकों में बढ़ रही नशापान की प्रवृति और नशे के कारण बच्चों में हो रही मानसिक गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस दौरान यशवंत बैस संरक्षण अधिकारी, गुनेश सेन केस वर्कर, भूपेंद्र सिन्हा केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन महिला बाल विकास विभाग धमतरी तथा टीचर स्टॉफ उपस्थित था।

